शनिवार
20 अगस्त 2022



पृष्ठ 4
**हड्डियों को मजबूत बनाता है टमाटर**



पृष्ठ 5
**खलनायक बनने के लिए जॉन अब्राहम ने चार्ज की मोटी रकम**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 193
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

सत्याग्रह की लड़ाई हमेशा दो प्रकार की होती है। एक जुल्मों के खिलाफ और दूसरी स्वयं की दुर्बलता के विरुद्ध।
– सरदार पटेल

दून वैली मेल
सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# दून में बादल फटने से भारी तबाही



हमारे संवाददाता

देहरादून। देर रात शुरू हुई भारी बारिश के चलते राजधानी देहरादून के कई क्षेत्रों में भारी नुकसान हुआ है। दून के रायपुर ब्लाक क्षेत्रांर्तगत सरखेत गांव क्षेत्र में बादल फटने की घटना के बाद जहां कई घरों के बहने की सूचना है तो वहीं कई वाहनों के बह जाने की बात भी कही जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंचकर सरखेत से 40 लोगों का रेस्क्यू किया है। भारी बरसात के कारण दो लोगों सहित कई कई मवेशियों के बहने की बात भी सामने आयी है। वहीं रायपुर थानो रोड पर सौंग नदी पर बना पुल भी भारी बारिश से ध्वस्त हो गया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी व रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ सहित जिले के आलाधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर हालात का जायजा लिया। वहीं सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भारी वर्षा के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के बारे में आपदा प्रबन्ध विभाग से जानकारी ली साथ ही उन्होने लोगों से अपील की है कि वह अनावश्यक यात्रा न करें व नदी एंव बहाव क्षेत्र की ओर जाने से बचे।

## भारी बारिश से सौंग नदी पर बना पुल हुआ ध्वस्त

बीती रात से हुई भारी बारिश के चलते राजधानी देहरादून में भारी तबाही के समाचार है। रायपुर ब्लाक के सरखेत गांव के लोगों ने रात 2.45 बजे क्षेत्र में बादल फटने की सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस व एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंच कर हालात का जायजा लिया और सरखेत गांव से 40 लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। भारी बारिश व बादल फटने के बाद दो लोगों सहित कई मवेशियों के बह जाने की खबर है। वहीं मालदेवता में बादल फटने के चलते सौंग नदी में आये उफान से थानो रोड पर दून से एयरपोर्ट जाने वाला एक पुल बह गया। इस स्थान पर दो युवक स्कूटी सहित नदी में गिर गए। इनमें एक तो खुद ही बाहर निकल गया, जबकि दूसरा करीब तीन सौ मीटर तक बह गया। उसे एसडीआरएफ के जवानों से सकुशल बाहर निकाल लिया। बताया जा रहा है कि नदी में ही एक कार भी मिली है इसमें महिला सहित अन्य व्यक्ति घायल अवस्था में हैं। जिनको रेस्क्यू कर बाहर निकाला जा रहा है।

वहीं भारी बारिश के चलते दून के कई नदी नाले उफान पर हैं। टौंस और बरोनी नदी का जलस्तर बढ़ गया है।

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर दिये अधिकारियों को निर्देश



हमारे संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए थानों मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवागमन को सुचारू करने के लिए शीघ्र वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन एवं एसडीआरएफ की टीमें निरंतर राहत एवं बचाव कार्यों के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं कर रही हैं। विधायक अपने क्षेत्रों में हर स्थिति पर निगरानी कर रहे हैं। सेना भी संपर्क में हैं। अगर हेलीकॉप्टर की अवश्यकता पड़ी तो सेना से भी मदद ली जाएगी। स्टेट के हेलीकॉप्टर को भी आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए अलर्ट मोड पर रखा गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुमाल्डा एवं उसके आसपास के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कमिश्नर गढ़वाल एवं जिलाधिकारी टिहरी को निर्देश दिए कि आपदा प्रभावित क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाएं। उनके लिए भोजन एवं अन्य आवश्यक सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था की जाय।

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर


# सोमालिया में एक होटल पर आतंकियों का कब्जा, अब तक 8 नागरिकों की मौत

मोगादिशु। सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में एक होटल पर आतंकवादी समूह अल-शबाब द्वारा कब्जा किए जाने के बाद कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई। समूह ने शहर में दो कार बम विस्फोटों और गोलियों की जिम्मेदारी ली थी। इससे पहले आज, यह बताया गया कि नौ घायल लोगों को होटल से ले जाया गया, मोगादिशु की आमीन एम्बुलेंस सेवाओं के निदेशक और संस्थापक अब्दिकादिर अब्दिरहमान ने सूचित किया।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा दो कार बमों ने होटल हयात को निशाना बनाया। एक होटल के पास एक बैरियर से टकराया और दूसरा होटल के गेट से टकराया। मान जा रहा है कि आतंकी होटल के अंदर घुसने में कामयाब रहे हैं। दो खुफिया अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर इस घटना की पुष्टि की। सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि हमले के बाद सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच भीषण गोलीबारी शुरू हो गई, जो अभी भी इमारत के अंदर छिपे हुए थे। होटल हयात मोगादिशु में एक लोकप्रिय जगह है। जहां और भी कई होटल हैं। अक्सर सरकारी अधिकारी और नागरिक यहां आते रहते हैं। सरकारी सोमाली नेशनल न्यूज एजेंसी ने अपने ट्विटर अकाउंट पर पुलिस प्रवक्ता के हवाले से कहा कि पुलिस अधिकारी हमले को रोकने के लिए अभियान चला रहे हैं।

# देश में पिछले 24 घंटो में कोरोना के 13,272 नए मामले दर्ज, 36 संक्रमितों की हुई मौत

नई दिल्ली । भारत में बीते 24 घंटे में 13,272 मरीजों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने से देश में महामारी के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4,43,27,890 पर पहुंच गई है, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,01,166 रह गई है।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 36 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,27,289 हो गई है। इनमें केरल द्वारा पुनर्मिलान किए गए मौत के छह मामले शामिल हैं। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.23 प्रतिशत है, जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने वालों की राष्ट्रीय दर 98.58 प्रतिशत है। आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 664 की कमी दर्ज की गई है। संक्रमण की दैनिक दर 4.21 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक दर 3.87 प्रतिशत दर्ज की गई है। इस महामारी से उबरने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 4,36,99,435 हो गई है, जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। वहीं, देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 209.40 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# मानसूनी आपदा, बड़ी चुनौती

मानसून काल आपदाओं के लिहाज से उत्तराखण्ड राज्य के लिए हमेशा ही एक बड़ी चुनौती रहा है। तमाम राहतों के साथ बड़ी बड़ी चुनौतियां अपने साथ लेकर आने वाले मानसून से पहाड़ व मैदानी क्षेत्र के लोगों की दुश्वारियां और अधिक बढ़ जाती है तथा उन्हे भारी जानमाल का नुकसान होता है। यूं तो पहाड़ का जीवन पहाड़ जैसी समस्याओं से भरा होता है लेकिन मानूसन काल में पूरे उत्तराखण्ड का जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। भारी बारिश व बादल फटने की घटनाएं तो जैसे इस पहाड़ी राज्य के लिए आम बात है। बीती रात भी राज्य के कई पहाड़ी व मैदानी हिस्सों में भारी बारिश के बीच बादल फटने की घटनाएं हुई। जिसमें कई मकान मलबे में तब्दील हो गये वहीं कुछ लोगों के मरने व लापता होने की बात भी सामने आयी है। इस दौरान अकेले राजधानी देहरादून में जहां थानो रोड पर एक पुल टूट गया वहीं मालदेवता में बादल फटने से कई मकान ध्वस्त हो गये यही नहीं यहां से जब तक लोगों को रेस्क्यू किया जाता तब तक उनके कई मवेशी भी मलबे की चपेट में आकर लापता हो गये। भारी बारिश ने पूरे राज्य का जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। राज्य में बीती रात से हो रही बारिश के चलते कई राजमार्ग और सम्पर्क मार्ग अवरूद्ध हो गये है जिन्हे खोलने के प्रयास जारी है। कई पुलों के टूटने व बहने से आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीती रात की बारिश से राज्य के सैकड़ो गांव ऐसे है जिनका जिला मुख्यालयों से सम्पर्क कटा हुआ है। भले ही आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व स्थानीय प्रशासन की लम्बी कतारें रहती है लेकिन फिर भी राज्य का आपदा प्रबन्धन अभी उतना चुस्त दुरस्त नही है जो लोगों की जान माल की सुरक्षा की गांरटी दे सके। आपदा प्रबन्धन क्षेत्र में अभी बहुत काम करने की जरूरत है जिससे राज्य में आपदा के समय अधिक राहत मिल सके।

# पुलिस कप्तान ने स्वयं संभाली आपदा क्षेत्र में राहत व बचाव कार्यो की कमान

हमारे संवाददाता



देहरादून। रायपुर ब्लाक के सरखेत क्षेत्र में बादल फटने की घटना से गांव में कई मकानों को क्षतिग्रस्त होने तथा उनमें लोगों के फंसे होने की सूचना पर स्वंय पुलिस कप्तान देहरादून दलीप सिंह कुंवर द्वारा मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों की कमान संभाली गई। इस दौरान उन्होने राहत एवं बचाव कार्यों में लगे स्थानीय पुलिस तथा एसटीआरएफ के टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा मौके पर प्रभावित परिवारों से बातचीत करते हुए उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

सरखेत क्षेत्र में बादल फटने की घटना में गांव के कई मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से एसडीआरएफ तथा स्थानीय पुलिस की टीम द्वारा लोगो को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। उक्त घटना में गांव के कुछ लोगो के लापता होने की सूचना है, जिनकी तलाश में पुलिस टीमों द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। बादल फटने की घटना से मालदेवता-धनोल्टी मुख्य मार्ग पर सड़क का कुछ हिस्सा बह गया तथा महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज से आगे रायपुर-थानों मार्ग पर बना पुल टूट गया। उक्त दोनों स्थानों का भी पुलिस कप्तान द्वारा निरीक्षण कर अधिकारियों को राहत और बचाव के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा उक्त मार्गो पर आवागमन को पूर्ण रुप से बंद करने तथा वैकल्पिक मार्गों के संबंध में आम जनमानस को सूचित करने हेतु आवश्यक रूट प्लान तैयार करने के निर्देश दिये गए, साथ ही समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर स्वयं मौजूद रहते हुए किसी भी सूचना पर तत्काल रिस्पांस करने के निर्देश दिए गए।

# डीएवी में छात्र नेताओं ने प्राचार्य को बंधक बनाया

संवाददाता




देहरादून। अपनी मांगों को लेकर छात्र नेताओं ने डीएवी कालेज प्राचार्य को बंधक बनाया। सांय तक छात्राओं का हंगामा जारी था।

आज यहां डीएवी कालेज के छात्र नेता प्राचार्य कक्ष के बाहर एकत्रित हुए। जहां पर उन्होंने प्राचार्य जेके जैन से वार्ता कर अपनी मांगे उनके समक्ष रखी। छात्रों का कहना था कि जब एडमिशन ऑफ लाइन हो रहे हैं तो फीस भी ऑफ लाइन जमा होनी चाहिए। उनका आरोप है कि कालेज प्रशासन फीस ऑन लाइन जमा करा रहा है तथा एडमिशन ऑफ लाइन हो रहे हैं।

उन्होंने प्राचार्य से मांग की थी कि एडमिशन 30 अगस्त तक होने चाहिए। इसी दौरान छात्र नेताओं ने प्राचार्य को बंधक बना दिया और कालेज प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। देर सांय तक छात्रों द्वारा प्राचार्य को बंधक बनाये रखा।

इस दौरान पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने भी छात्र नेताओं को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान छात्र नेताओं में से आकिब, मनमोहन, ऋषभ मल्होत्रा, अंजलि चमोली, आदित थपलियाल, सुमित कुमार आदि मौजूद थे।

# 31 अगस्त को मनाया जाएगा गणेश चतुर्थी का पर्व

हिन्दू पंचांग के अनुसार, भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन गणेश चतुर्थी का व्रत रखा जाएगा। गणेश चतुर्थी का पर्व महाराष्ट्र सहित देश के कई हिस्सों में बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी के दिन से अगले 9 दिनों तक घर या फिर पंडालों में गणपति बप्पा की मूर्ति स्थापित करके विधिवत पूजा अर्चना की जाती है। हालांकि कई लोग 9 दिनों से कम दिन के लिए भी मूर्ति स्थापित करते हैं और फिर विधिवत तरीके से बप्पा को विसर्जित कर देते हैं। जानिए गणेश चतुर्थी का शुभ मुहूर्त और महत्व। इस साल गणेश चतुर्थी का पर्व 31 अगस्त, बुधवार के दिन मनाया जाता है। इस दिन बुध वार पड़ने के कारण इसका महत्व और भी अधिक बढ़ गया है।



गणेश चतुर्थी 2022 शुभ मुहूर्तः भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि आरंभ - 30 अगस्त, दोपहर 3 बजकर 34 मिनट से भाद्रपद के शुक्ल की चतुर्थी तिथि का समापन - 31 अगस्त, दोपहर 3 बजकर 23 मिनट पर मध्याह्न गणेश पूजा का समय - सुबह 11 बजकर 12 मिनट से दोपहर 1 बजकर 42 मिनट तक चंद्र दर्शन से बचने का समय- सुबह 9 बजकर 29 मिनट से रात 9 बजकर 21 मिनट तक।

**गणेश चतुर्थी पर करें इस गणेश मंत्र का जापः** श्री वक्रतुण्ड महाकाय सूर्य कोटी समप्रभा निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्व-कार्येशु सर्वदा।।

**गणेश चतुर्थी पर चंद्र दर्शन की है मनाहीः** शास्त्रों के अनुसार, गणेश चतुर्थी के दिन चंद्रमा के दर्शन नहीं किए जाते हैं। यह अशुभ माना जाता है। क्योंकि इसी दिन भगवान गणेश ने चंद्र देव (चंद्रमा) को शाप दिया था कि उन्हें इस दिन कोई नहीं देखेगा।

**गणेश चतुर्थी मनाने के कारणः** पौराणिक कथाओं के अनुसार, गणेशजी को देवी पार्वती ने चंदन के लेप से बनाया था जिसका उपयोग उन्होंने अपने स्नान के लिए किया था। शक्ति के देवता होने के कारण, उन्होंने इतनी शक्ति से गणेश को जगाया कि युद्ध में बड़े से बड़े देवता भी उनका सामना नहीं कर सके। देवताओं के बीच ऐसे युद्ध के दौरान, भगवान शिव ने गलती से गणेश का सिर काट दिया जिससे पार्वती का क्रोध भड़क उठा। अपनी पत्नी को संतुष्ट करने के लिए, भगवान शिव ने अन्य देवताओं के साथ गणेश की सूंड पर एक हाथी के बच्चे का सिर तय किया। इसलिए हाथी के सिर वाले भगवान गणेश की रचना की गई। गणेश चतुर्थी के इस शुभ दिन पर, भगवान शिव ने घोषणा की कि गणेश ही एकमात्र ऐसे देवता होंगे जिनकी पूजा किसी अन्य भगवान से पहले की जाएगी। उन्हें हमेशा ज्ञान, ज्ञान और शक्ति के प्रतीक के रूप में पूजा जाता था।

साभारः सोशल मीडिया

आ मां मित्रावरुणेह रक्षतं कुलाययद्विश्वयन्मा न आ गन्।

अजकावं दुर्दृशीकं तिरो दधे मा मां पद्येन रपसा विदत्त्सरुः।।

(ऋग्वेद ७-५०-१)

मित्र वरुण (आकाश, जल, वायु,अग्नि,पृथ्वी आदि) मुझे रोगों से मुक्त रखें। मुझे संक्रामक रोगों से मुक्त रखें। जो रोग जानवर और कीड़ों के द्वारा फैलते हैं उनसे दूर रखें। जो विषाणु आंख से नहीं दिखते उनसे भी दूर रखें। मुझे उन सब रोगों से मुक्त रखें जो बाहरी संपर्क या आंतरिक दुर्बलता के कारण होते हैं।

O Mitrovaruna (Akash, Jal, Vayu, Agni, Prithvi, etc.), keep me free from diseases. Keep me away from infectious diseases. Keep me away from diseases that are spread by animals and insects. Keep me away from viruses that are not visible to the naked eye. Keep me free from all diseases which occur due to external contact or internal weakness.

(Rig Veda 7-50-1)

# मेडल की मशीन- अचंता शरत कमल

हाल ही में सम्पन्न हुए 22वें कॉमनवेल्थ खेलों में भारत ने पदक तालिका में 22 गोल्ड, 16 रजत, और 23 कांस्य पदक के साथ कुल 61 पदकों के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं भारतीय टेबिल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल ने 40 वर्ष की उम्र में बर्मिंघम कॉमनवेल्थ खेलों में 4 पदक जीते। उन्होंने पुरूष टीम, मिक्स्ड डबल्स और सिंगल में स्वर्ण पदक जीता। पुरूष डबल्स में रजत पदक उनके नाम रहा। बर्मिंघम खेलों में सर्वाधिक पदक जीतने वाले भारतीय रहे। टेबिल टेनिस के लिए आदर्श आयु 20-25 वर्ष के बीच होती है किन्तु 40 वर्ष के अचंता ने उम्र को धता बताते हुये व्यक्तिगत स्पर्द्धा के फाइनल में ब्रिटेन के 29 वर्षीय खिलाड़ी पिचफोर्ड जोकि अपने गृह मैदान पर खेल रहा था अपना पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुये स्वर्ण पदक जीता शरत की विश्व रैकिंग 39 है जबकि पिचफोर्ड 20वें स्थान पर काबिज हैं। अचंता ने बर्मिघम खेलों में 3 दिनों के अंदर 12 थकाऊ मैच खेले खेलने के बाद मीडिया से बातचीत करने के दौरान बैठने के लिये कुर्सी का सहारा लेना पड़ा। क्रिकेट का देश कहे जाने वाले भारत में अचंता पहली बार सुर्खियों तब आये जब 2006 में कॉमनवेल्थ खेलों में मेलबर्न में व्यक्तिगत स्पर्द्धा के फाइनल में विलियम हेजेल को उनके घरेलू दर्शकों के सामने फाइनल में मात देकर स्वर्ण पदक जीता। इस जीत के प्रेरणा आने वाले दिनों में विश्व पटल पर भारत टेबिल टेनिस में महाशक्ति बना अभी तक अचंता ने कॉमनवेल्थ में कुल 13 पदक अपने नाम किये हैं। इसमें 7 स्वर्ण, 3 रजत, 3 कांस्य 2006 मेलबर्न कॉमनवेल्थ खेलों में 2 पदक, 2010 दिल्ली में 3 पदक, 2018 गोल्डकोस्ट में 3 पदक, बर्मिंघम में 4 पदक जीते हैं। किंतु इस महान खिलाड़ी को वो सम्मान नहीं मिला जिसके वो हकदार हैं। अचंता पर एक बायोपिक बननी चाहिए ताकि इस महान खिलाड़ी के जीवन संघर्ष को सभी देशवासी जान सकें। कॉमनवेल्थ 13 पदक, 2 एशियन गेम्स के मेडल्स, 4 बार के ओलम्पियन तथा दो आईटीएफ प्रो टूर खिताबों के साथ शरत कमल भारतीय इतिहास के अब तक के सर्वश्रेष्ठ टेबिल टेनिस खिलाड़ी है।



- ललित कुमार शर्मा

# स्व. राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया उन्हें नमन

नगर संवाददाता

देहरादून। राजीव गांधी जयंती को आज देशभर में मनाया गया। समस्त देशवासियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा इस अवसर पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राजपुर से पूर्व विधायक राजकुमार ने डिस्पेंसरी रोड स्थित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उन्हें नमन किया।

पूर्व विधायक राजकुमार ने इस अवसर पर कहा कि भारत में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति की नींव रखने वाले, 21वीं सदी के आधुनिक भारत के शिल्पकार पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर हम सभी उन्हें नमन करते है। आधुनिक सोच व दूरदर्शिता से देश को एक नई दिशा प्रदान करने वाले राजीव गांधी सदैव से सभी के प्रेरणास्रोत रहे हैं। उन्होने कहा कि राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को मुंबई में हुआ था। बताया कि प्रधानमंत्री के रूप में राजीव गांधी ने देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया। अपनी दूरदेशी से देश के सशक्तिकरण के लिए उन्होंने आवश्यक कदम उठाए। उन्होने 18 वर्ष तक के युवाओं को मताधिकार देकर उन्हें देश के प्रति और जिम्मेदार व सशक्त बनाने की पहल की।

राजीव गांधी को भारत में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति लाने का श्रेय दिया जाता है। उन्होंने न सिर्फ कंप्यूटर को भारत के घरों तक पहुंचाने का काम किया बल्कि भारत में इनफार्मेशन टेक्नोलाजी को आगे ले जाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर नीनू सहगल, अर्जुन सोनकर, अशोक वर्मा, नागेश रतूड़ी, अमीचंद सोनकर, संजय किशोर, सुनील कुमार बांगा, मनीष नागपाल, जसविंदर पल सिंह, इतत खान, राजेंद्र बिष्ट,जहांगीर खान, राहुल शर्मा, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म में एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नन्दू फार्म ऋषिकेश निवासी व्यक्ति ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि रायवाला निवासी कैलाश भोरा का पुत्र आयुष भोरा उसकी नाबालिग बेटी को अपने साथ बहला फुसला कर रायवाला ले गया जहां पर उसने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। उसकी बेटी ने घर में आकर सारी बात बतायी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

## शराब के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डोईवाला कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक कार को रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख कार चालक कार को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने कार से चार पेटी शराब बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम सूर्यप्रकाश पुत्र रघुवीर निवासी शामली बताया। वहीं ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने श्यामपुर हाट बाजार के पास से 52 पव्वे शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम शुभम कश्यप पुत्र सोमपाल कश्यप निवासी बसंत कालोनी श्यामपुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

## चरस के साथ तीन गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चरस के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने 14 बीघा बस स्टैण्ड के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 122 ग्राम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम अमित उर्फ अभि पुत्र अभिलेख धीमान निवासी चन्द्रेश्वर नगर बताया। वहीं नेहरू कालोनी थाना पुलिस ने यूनिवर्सिटी रोड के पास से दो लोगों को 300 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया।

पूछताछ में उन्होंने अपना नाम कुलदीप पुत्र मस्तुराम व सीना पुत्र सीघानाथ दोनो निवासी पथरी हरिद्वार बताया। इसके साथ ही सहसपुर थाना पुलिस ने हिन्दूवाला स्थित खाली प्लाट से एक व्यक्ति को 220 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम शकील पुत्र मौहम्मद हसन निवासी सहसपुर बताया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर सनातन धर्म मंदिर में किया प्रसाद वितरण

संवाददाता

देहरादून। उत्तरांचल पंजाबी महासभा व क्लीन एंड ग्रीन एनवायरनमेंट समिति ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सनातन धर्म मन्दिर प्रेमनगर में प्रसाद वितरण किया गया।




आज यहां क्लीन एंड ग्रीन एनवायरनमेंट समिति एवं उत्तरांचल पंजाबी महासभा द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर सनातन धर्म मंदिर, प्रेमनगर में सभी श्रद्धालुओं को हलवा प्रशाद का वितरण किया गया। उत्तरांचल पंजाबी महासभा के अध्यक्ष अशोक वर्मा द्वारा क्लीन एन्ड ग्रीन एनवायरनमेंट समिति को प्रशाद वितरण कार्यक्रम में सेवा करने हेतु आमंत्रित किया गया। जिस क्रम में समिति के सभी सदस्यों ने प्रशाद वितरण कार्यक्रम में अपनी सेवाएं प्रदान की और कार्यक्रम को सफल बनाया। उत्तरांचल पंजाबी महासभा एवं क्लीन एंड ग्रीन एनवायरनमेंट समिति द्वारा इस शुभ अवसर पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। हरीश रावत ने कार्यक्रम में पहुंचकर प्रशाद वितरण में सहयोग किया और मंदिर में श्री कृष्ण भगवान के दर्शन किये। इस अवसर पर पंकज मैसोन, प्रदेश उपाध्यक्ष, उत्तरांचल पंजाबी महासभा भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और प्रशाद वितरण कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर किये गए प्रशाद वितरण कार्यक्रम में उत्तरांचल पंजाबी महासभा के अध्यक्ष अशोक वर्मा, क्लीन एंड ग्रीन एनवायरनमेंट समिति के अध्यक्ष राम कपूर, कोषाध्यक्ष शम्भू शुक्ला, हर्षवर्धन जमलोकी, सह संयोजक, अमित चौधरी, लोहित पांडेय, ईशु कपूर, हेमन्त लाम्बा, गगन चावला, दीपक वासुदेव, सुमित खन्ना, पुनीत सहगल, भूषण भाटिया तथा उत्तरांचल पंजाबी महासभा के विक्की वर्मा, वीरेंद्र पाल सिंह, दिव्य सेठी, मनदीप सिंह, सचिन भाटिया उपस्थित रहे।

## युवती से बदमीजी करने पर एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने नाबालिग को नहाते समय परेशान करना व उसके साथ बदमीजी करने पर एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदमारी घंघोडा निवासी युवती ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी मौसी की लडकी बाथरूम में नहा रही थी तभी पडोस में रहने वाला एस रवि नामक व्यक्ति उसके बाथरूम में घुस गया और उसके साथ छेडछाड करते हुए उसके बदन को बदनियती से छूने लगा जब उसने शोर मचाया तो वह वहां से भाग गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## स्मैक सहित दो गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



उधमसिंहनगर। नशा तस्करी में लिप्त दो लोगों को पुलिस ने काफी मात्रा में स्मैक व तस्करी में प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी यूपी से स्मैक लाकर उसे उधमसिंहनगर में सप्लाई किया करते थे। जानकारी के अनुसार एएनटीएफ उधमसिंहनगर व थाना रूद्रपुर पुलिस को कल देर शाम सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले पदार्थों की डिलीवरी हेतु आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया गया। इस दौरान संयुक्त टीम को करतारपुर बार्डर पर बाइक सवार दो संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये। पुलिस टीम द्वारा जब उन्हे रोकने का प्रयास किया गया तो वह सकपका कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से 23.44 ग्राम स्मैक, दो मोबाइल बरामद किये। पूछताछ में उन्होने अपना नाम तौफिक उर्फ भूरा लाइनमैन पुत्र रईस अहमद सिंह व लियाकत पुत्र हसमत निवासी रामपुर उत्तर प्रदेश बताया। बताया कि यह स्मैक हम रामपुर उत्तर प्रदेश से लाये थे जिसे हम रूद्रपुर में बेचना चाहते थे।

# वृक्ष मित्र सोनी लोक गौरव सम्मान से सम्मानित

संवाददाता


देहरादून। अभ्युदय वात्सल्यम संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद नरेश बंसल ने वृक्ष मित्र डा. त्रिलोक चन्द्र तोमर को लोक गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।



आज यहां अभ्युदय वात्सल्यम् संस्था द्वारा नगर निगम देहरादून के सभागार में अखिल भारतीय शैक्षिक नवाचार, प्राकृतिक जैविक कृषि, शिल्प उद्यमी, पर्यावरिणीय पर्यटन, आध्यात्मिक विज्ञान समागम 2022 का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वालो को सम्मानित किया गया।

पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन, वृहद पौध रोपण तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, गरीब निर्धन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने, स्कूली शिक्षा से कोई बच्चा छूटे ना प्रवेश के लिए प्रेरित करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र से पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी को लोक गौरव सम्मान से सम्मानित किया। राज्य सभा सांसद नरेश बंसल ने डॉ सोनी द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की वही अभ्युदय वात्सल्यम् के अध्यक्ष डा. गर्मी मिश्रा ने वृक्षमित्र के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा उनका त्याग, समर्पण आनेवाली पीढ़ी को नई दिशा देगा। हमें खुशी हैं डॉ सोनी द्वारा पौधा उपहार में देने व जन्मदिन पर पौधे लगाने की परंपरा आज समाज में दिखाई दे रही हैं उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को एक एक तुलसी का पौधा उपहार में भेंट किये। कार्यक्रम में डॉ अशोक मिश्रा, पद्मश्री बसन्ती बिष्ट व माधुरी बड़थ्वाल, लोक गायक कुंदन कोरंगा, संजय पाठक, बुद्धीनाथ मिश्र, मेयर सुनील उनियाल गामा, गौरव गोयल व संचालन राष्ट्रीय कवि श्रीकांत श्री ने किया।

# भारत के पूर्व फुटबॉल कप्तान बद्रू बनर्जी का निधन



नई दिल्ली । भारत के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी का निधन हो गया। मेलबर्न 1956 ओलिंपिक में एतिहासिक चौथे स्थान पर रहने के दौरान भारतीय फुटबॉल की टीम अगुआई करने वाले पूर्व कप्तान समर बद्रू बनर्जी का लंबी बीमारी के बाद शनिवार तड़के कोलकाता में निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। बनर्जी के परिवार में उनकी बहू हैं। बद्रू दा के नाम से मशहूर बनर्जी अल्जाइमर, एजोटेमिया और उच्च रक्तचाप से संबंधित बीमारियों से पीड़ित थे। उन्हें कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद 27 जुलाई को एमआर बांगर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

मोहन बागान के सचिव देबाशीष दत्ता ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें राज्य के खेल मंत्री अरूप विश्वास की देखरेख में सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने तड़के करीब दो बजकर 10 मिनट पर अंतिम सांस ली। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा, वह हमारे प्रिय श्बद्रू दाश थे और हमने उन्हें 2009 में मोहन बागान रत्न से नवाजा था। यह हमारे लिए एक और बड़ी क्षति है।

उनके पार्थिव शरीर को क्लब में लाया गया जहां सदस्यों और प्रशंसकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। भारतीय फुटबॉल टीम ने अब तक तीन ओलिंपिक में भाग लिया है और बनर्जी के नेतृत्व वाली 1956 की टीम ने इन खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। तब भारतीय टीम कांस्य पदक के प्ले ऑफ में बुल्गारिया से 0-3 से हारकर चौथे स्थान पर रही। इस युग को भारतीय फुटबॉल का स्वर्ण युग माना जाता है।

पहले दौर में वॉकओवर पाने के बाद सैयद अब्दुल रहीम के मार्गदर्शन में खेल रही टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-2 से हराया। इस टीम में पीके बनर्जी, नेविल डिसूजा और जे शकिट्रश्र कृष्णास्वामी भी थे। डिसूजा ने मैच में शानदार हैट्रिक लगाई। टीम अंतिम चार चरण में यूगोस्लाविया से 1-4 से हारकर फाइनल में जगह बनाने में विफल रही। मोहन बागान की अपने पहले डूरंड कप (1953), रोवर्स कप (1955) सहित कई ट्रॉफिया जीतने में मदद करने वाले बनर्जी ने एक खिलाड़ी (1953, 1955) के रूप में दो और कोच (1962) के रूप में एक बार संतोष ट्रॉफी भी जीती। वह भारतीय राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ता भी रहे।

# आदलतों में लंबित मामलों की संख्या पांच करोड़ के पार

नई दिल्ली । भारत की आदलतों में लंबित मामलों की संख्या पांच करोड़ के पार हो गई है। इसको लेकर विधि और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को कहा कि अगर कोई जज 50 मामलों का निपटारा करता है, तो 100 नए मामले फिर से दायर हो जाते हैं। क्योंकि लोग अब ज्यादा जागरुक है और वे विवादों के निपटान के लिए अदालतों में पहुंच रहे हैं। रिजिजू ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के कामकाज पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार अदालतों में लंबित मामलों को कम करने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रही है।

विधि मंत्री ने संसद के मानसून सत्र में एक सावल के जवाब में कहा था कि देशभर की अदालतों में 4.83 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। निचली अदालतों में चार करोड़ से ज्यादा और सुप्रीम कोर्ट में 72,000 से ज्यादा केस लंबित हैं। मंत्री ने कहा कि मध्यस्थता पर प्रस्तावित कानून से वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र पर नए सिरे से ध्यान देकर अदालतों में मुकदमों की संख्या कम करने में मदद मिलेगी। रिजिजू ने कहा कि भारत और अन्य देशों में लंबित मामलों की कोई तुलना नहीं की जानी चाहिए। क्योंकि हमारी समस्याएं अलग हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ देश ऐसे भी हैं, जिनकी आबादी पांच करोड़ भी नहीं है। जबकि भारत में लंबित मामलों की संख्या पांच करोड़ के करीब है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विधि मंत्रालय त्वरित न्याय देने में सशस्त्र बल न्यायाधिकरण की हर संभव मदद करेगा।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट के जज डी वाई चंद्रचूड़ ने पुणे के एक कार्यक्रम में कहा था कि भारत की अदालतों पर बोझ बहुत ज्यादा है। मामलों की भरमार है। कई मामले लंबित हैं, जिसके समाधान के लिए 'मध्यस्थता' जैसा विवाद समाधान तंत्र एक जरूरी टूल के रूप में काम करेगा।

# हड्डियों को मजबूत बनाता है टमाटर



फल और सब्जियां सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद है और अच्छी सेहत के लिए हमें नियमित रूप से इनका सेवन करना चाहिए। हर फल और सब्जी के अपने-अपने फायदे होते हैं। किसी से पाचन तंत्र बेहतर होता है तो किसी से इम्यून सिस्टम, कोई दिल को सुरक्षित रखता है तो कोई आंखों की रोशनी बढ़ाता है। ऐसी ही एक सब्जी है टमाटर जो एक नहीं बल्कि कई फायदों वाली है और हमें 5 तरह के कैंसर से बचाती है। जानें, हर दिन टमाटर खाने के फायदों के बारे में...

हड्डियों को मजबूत बनाता है टमाटर

अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ ऐग्रीकल्चर की मानें तो १०० ग्राम टमाटर में ११० मिलीग्राम कैल्शियम होता है। ऐसे में अनुसंधानकर्ता कहते हैं कि आप टमाटर के जरिए ढेर सारा कैल्शियम और विटमिन के हासिल कर सकते हैं। ऐसे में अपनी डेली डायट में टमाटर को शामिल करने से आप अपनी हड्डियों को मजबूत बनाए रख सकते हैं।

कैंसर से बचाता है टमाटर

प्रॉस्टेट कैंसर, ओवेरियन कैंसर, लंग कैंसर, पेट का कैंसर और हड्डियों का कैंसर-ये 5 तरह का कैंसर जिससे टमाटर आपको सुरक्षित रख सकता है और इसकी वजह है टमाटर में मौजूद लाइकोपीन। कई रिसर्च और स्टडीज में यह बात सामने आ चुकी है कि टमाटर में मौजूद लाइकोपीन एक पावरफुल ऐंटि-कैंसर प्रॉपर्टी है और लाइकोपीन के हाई इन्टेक से कैंसर से बचा जा सकता है।

दिल की बीमारियों से बचाए

डायबीटीज के मरीजों पर की गई एक स्टडी की मानें तो वैसे मरीज जिन्होंने ३० दिन तक अपने डायट में टमाटर को शामिल किया उनके खून में लिपिड पेरॉक्सिडेशन में कमी पायी गई जिससे दिल से जुड़ी बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद मिलती है। दरअसल, डायबीटीज के मरीजों में हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा अधिक रहता है। साथ ही टमाटर में पाया जाने वाला लाइकोपीन बैड कलेस्ट्रॉल के लेवल को भी कम करता है और इससे भी आपका दिल सुरक्षित रहता है।

हाइपरटेंशन करे कम

टमाटर में पाया जाने वाला पोटैशियम हाई ब्लड प्रेशर यानी हाइपरटेंशन की समस्या को भी कम करने में मदद करता है। पोटैशियम, रक्त धमनी और रक्त वाहिकाओं में टेंशन को कम करता है जिससे खून का सर्क्युलेशन बढ़ जाता है और साथ ही हार्ट पर पड़ने वाला जोर और स्ट्रेस भी कम हो जाता है।( आरएनएस)

# खतरों के खिलाड़ी 12 से बाहर हुई चेतना पांडे

रोहित शेट्टी का स्टंट शो खतरों का खिलाड़ी इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रहा है. शो में कंटेस्टेंट को तरह तरह के स्टंट करने पड़ते हैं. वैसे तो शो का हर सीन काफी एकसाइटमेंट और ससपेंस से भरा होता है. लेकिन जब शो से किसी को बाहर निकालने का वक्त आता है, तब कलाकारों के साथ-साथ उनके फैंस भी सांसे थामकर बैठ जाते हैं. अभी फिलहाल शो से चार लोग बाहर हो चुके हैं. इसमे एरिका पैकार्ड, शिवांगी जोशी, अनरी वजानी और प्रतीक सहजपाल का नाम शामिल हैं. वहीं अब इनमें एक और नाम चेतना पांडे का जुड़ गया है. बता दें चेतना पांडे को पिछले हफ्ते निकाल दिया गया है. हालांकि रोहित शेट्टी ने चेतना पांडे की खूब तारीफ की. उन्होंने कहा, वो एक बहादुर महिला हैं.

वहीं चेतना पांडे के शो से बाहर निकलने से उनके फैंस काफी दुखी हैं. सोशल मीडिया पर फैंस ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. यहां तक कि एक यूजर ने लिखा, चेतना जिन्होंने पानी के हर टास्क को इतनी अच्छी तरह से किया है, यहां तक कि आखिरी पानी के टास्क को भी उन्होंने वहां घूमने वाले बिस्तर के साथ जंजीर से बांध दिया था और आज के टास्क में बंदी कर नहीं पाई सीरियसली मैन. यूजर ने आगे कहा, पूरा शो सक्रिप्टिड है. बस रूबिना दिलेक को शो में रखने के लिए ऐसा किया गया. जिससे इनकी टीआरपी बढ़े.

एक अन्य यूजर ने लिखा, सिर्फ एक झ रूबिना दिलेक के चक्कर में कितने के साथ नैनसाफी करोगे कलर टीम आप ? वहीं इस हफ्ते, प्रतियोगियों को दो ग्रुप में बांटा गया था, रेड और येलो. रेड टीम में मोहित मलिक रुबीना दिलाइक, फैसल शेख, जन्नत जुबैर और कनिका मान के साथ आगे थे. तुषार कालिया दूसरी टीम के कप्तान थे जिसमें राजीव अदतिया, सृति झा, निशांत भट और चेतना पांडे थे.

## शब्द सामर्थ्य -35


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 34 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | | सिं | हा | स | न | |
| ख | | म | ज | दू | र | | का | म |
| वा | द | क | | र | | सं | ब | ल |
| ड़ | | ल | ज्जा | | म | स्का | | य |
| | बा | | | बि | हा | र | | |
| सु | धा | क | र | | न | | | औ |
| रं | | म | | कि | ता | ब | | स |
| ग | | अ | र | सा | | हु | ज्ज | त |
| | श | क्ल | | न | मि | त | | न |

# आमिर चाहते थे कि बेटा जुनैद निभाए लाल सिंह चड्ढा में मुख्य किरदार

काफी समय बाद आमिर खान लाल सिंह चड्ढा से फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। यही वजह है कि फिल्म के प्रति दर्शकों में उत्सुकता बढ़ी हुई है। आए दिन इस फिल्म से जुड़ी नई-नई जानकारियां सामने आ रही हैं। अब आमिर ने एक रोचक खुलासा किया है। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि वह चाहते थे कि उनका बेटा जुनैद इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाए। उन्होंने बताया कि प्री-प्रोडक्शन के दौरान एक समय ऐसा आया था, जब वह चाहते थे कि उनका बेटा जुनैद फिल्म में मुख्य किरदार निभाए। इस फिल्म की तैयारियों के दौरान ही जुनैद थिएटर का कोर्स करके विदेश से भारत लौटे थे। इसी दौरान आमिर ने निर्देशक अद्वैत चंदन से फिल्म के 6-7 सीन्स के टेस्ट जुनैद से कराने का सुझाव दिया था। आमिर ने कहा, मैंने निर्देशक अद्वैत से जुनैद का सजेशन देते हुए कहा कि इसे ही लाल बनाकर देखो। मुझे लगा इससे दोनों चीजें हो जाएंगी। बेटा क्या सीख कर आया है, वो भी पता चल जाएगा और डायरेक्टर का भी टेस्ट हो जाएगा। आमिर का कहना है कि जब उन्होंने पूर्व पत्नी किरण राव के साथ जुनैद का टेस्ट वीडियो देखा, तो उनके होश उड़ गए। आमिर ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे में लाल को देखा।

आमिर ने अपने कई दोस्तों को जुनैद का टेस्ट वीडियो दिखाया और सभी ने स्क्रीन पर जुनैद के प्रेजेंस की तारीफकी। उन्होंने कहा, मैंने राजकुमार हिरानी, करण जौहर, आदित्य चोपड़ा, अपने परिवार, दोस्तों और सहकर्मियों सहित करीब 100 लोगों को फिल्म दिखाई और 98 को लगा कि मुझे उन्हें इसमें कास्ट करना चाहिए। लेखक अतुल कुलकर्णी और आदित्य चोपड़ा का तर्क था कि किसी न्यूकमर को यह किरदार नहीं करना चाहिए। आमिर ने बताया कि जुनैद यह फिल्म नहीं करना चाहते थे। जुनैद भी सहमत थे कि बड़े बजट के इस प्रोजेक्ट में किसी न्यूकमर को मुख्य भूमिका नहीं निभाना चाहिए। मेकर्स ने विचार-विमर्श के बाद जुनैद को फिल्म से बाहर रखने का निर्णय लिया। लाल सिंह चड्ढा हॉलीवुड फिल्म फॉरेस्ट गंप की हिंदी रीमेक है, जिसमें आमिर वाला किरदार टॉम हैंक्स ने निभाया था। आमिर के अलावा करीना कपूर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। इससे पहले ये दोनों सुपरहिट फिल्म थ्री इडियट्स में नजर आए थे। इन दोनों की जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। इसमें शाहरुख खान के दिखने की भी खबरें आई थीं। साउथ अभिनेता नागा चौतन्य की यह बॉलीवुड डेब्यू फिल्म है।(आरएनएस)

# कॉमेडी ड्रामा ब्यूटीफुल बिल्लो में गर्भवती महिला की भूमिका निभाएंगी नीरू बाजवा

1998 की फिल्म 'मैं सोलह बरस की' से अपने करियर की शुरूआत करने वाली अभिनेत्री नीरू बाजवा अपनी आगामी पंजाबी फिल्म 'ब्यूटीफुल बिल्लो' में एक गर्भवती महिला की भूमिका निभाती नजर आएंगी। फिल्म में नीरू के अलावा रुबीना बाजवा, रोशन प्रिंस और राघवीत बोली भी मुख्य भूमिका में हैं। संतोष सुभाष थिटे और अमृत राज चड्ढा द्वारा निर्देशित 'ब्यूटीफुल बिल्लो' एक कॉमेडी ड्रामा है। पूरी कहानी रुबीना और रोशन द्वारा निभाए गए एक जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है और बिल्लो (नीरू) से मिलने के बाद उनका जीवन कैसे बदल जाता है, जो गर्भवती है और उनके परिवार का एक महत्वपूर्ण सदस्य बन जाता है। नीरू कहती हैं, 'ब्यूटीफुल बिलो' मानवीय भावनाओं की एक दिल को छू लेने वाली कहानी है, जिसमें कॉमेडी का एक ट्विस्ट है जो निश्चित रूप से दर्शकों को आकर्षित करेगा। यह एक ऐसी कहानी है जो दर्शकों को पहले कभी नहीं देखी गई यात्रा पर ले जाएगी। नीरू बाजवा एंटरटेनमेंट, ओमजी स्टार स्टूडियोज और सरीन प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित इस फिल्म का प्रीमियर 11 अगस्त को जी5 पर होगा।

# सितारों से बनी लाल ड्रेस पहन खूब इतराई पलक तिवारी

पलक तिवारी धीरे-धीरे ही सही लेकिन अपनी पहचान अब बनाने लगी हैं. हार्डी संधू संग बिजली गाने में नजर आने के बाद से पलक खूब सुर्खियों में छाई रहती हैं. अब पलक तिवारी अपने लेटेस्ट फेटोशूट को लेकर खासी चर्चा में आ गई हैं. डब्बू रतनानी के कैमरे में क्लिक होते ही हर हसीना और भी खूबसूरत हो जाती है और अब पलक तिवारी भी उतनी ही हसीन लग रही हैं. पलक तिवारी लेटेस्ट फेटोशूट में सितारों सी झिलमिल लाल ड्रेस पहनकर बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं और जमकर इतरा भी रही हैं. पलक तिवारी लेटेस्ट फेटोशूट में लाल रंग की बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आई. उनका ग्लैमरस लुक देख फैंस उनकी तारीफकरते थक ही नहीं रहे. कोई उन्हें गॉर्जियस कह रहा है तो कोई उन्हें स्टनिंग. वहीं पलक खूबसूरत तो है हीं लेकिन उससे भी ज्यादा प्यारी है उनकी स्माइल और इन तस्वीरों में पलक उसी स्माइल से हर किसी का दिल चुराती नजर आ रही हैं. वैसे ये कोई पहला मौका नहीं है जब पलक तिवारी का ऐसा अंदाज दिखा हो. एयरपोर्ट लुक हो या फ्रि कोई इवेंट पलक हमेशा अपने लुक से सुर्खियां बटोरती रहती हैं. वैसे आपको बता दें कि पलक तिवारी टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी हैं. जो पिछले 2 दशकों से टेलीविजन पर राज कर रही है. पलक पिता राजा चौधरी के साथ नहीं बल्कि मां श्वेता के साथ रहती हैं. हाल ही में राजा चौधरी ने एक इंटरव्यू में रिवील किया कि ‘पहले वो बेटी पलक से बात करत थे लेकिन अब वो ज्यादा बिजी रहने लगी है या फ्रि उन्हें इग्नोर कर रही हैग्. राजा चौधरी के इस बयान की चर्चा खूब हो रही है.

# खलनायक बनने के लिए जॉन अब्राहम ने चार्ज की मोटी रकम



हाल ही में रिलीज हुई एक विलेन रिटर्न्स इन दिनों चर्चाओं में बनी हुयी है। मूवी रिलीज हो चुकी है, भले ही फिल्म को नेगेटिव रिमार्किंग क्यों ना मिली हो लेकिन दर्शकों को ये हसीन विलेन बहुत पसंद आ रहे हैं। मूवी के आखिर तक किसी को नहीं पचा चलता कि आखिर इस कहानी में विलेन कौन है और जब राज सबके सामने खुलता तो हर किसी के होश उड़ जाते है। वैसे विलेन बनने के लिए फिल्म की स्टार कास्ट ने अच्छी खासी फीस भी चार्ज की है।

बात सबसे पहले जॉन अब्राहम की करते हैं तो फिल्म में लीड रोल प्ले करते हुए दिखाई दिए। बीते कुछ वर्षों से जॉन अब्राहम ने अपनी एक अलग इमेज बॉलीवुड में बना चुके है। एक्शन फिल्मों के लिए वो पहली पसंद बन चुके हैं। ऐसे में मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो विलेन बनने के लिए जॉन ने सबसे अधिक फीस वसूली है। उन्हें इस रोल के लिए 6 करोड़ रुपये दिए गए।

बात मूवी के दूसरे हीरो अर्जुन कपूर कि की जाए तो उनके अभिनय की तारीफ भी मूवी में खूब की जा रही है। पहले भी कई बार वो अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों को हैरान भी कर चुके है और इस बार भी उन्होंने कुछ ऐसा ही किया। खबरों का कहना है कि अर्जुन कपूर ने एक विलेन रिटर्न्स के लिए 4 करोड़ रुपये तक की फीस चार्ज की है।

दिशा पाटनी आखिरी बार सलमान खान के साथ राधे में दिखाई आई थीं और अब वो सीधे जॉन अब्राहम संग स्क्रीन साझा करती दिखी हैं। मूवी में उनके ग्लैमरस रोल के चर्चे बहुत हो रहे हैं और उन्होंने इंटीमेट सीन करने में भी को हिचकिचाहट नहीं दिखाई। बोला जा रहा है इस किरदार के लिए उन्हें अर्जुन कपूर के बराबर 4 करोड़ रुपये दिए गए है।

तारा सुतारिया भी इस मूवी का भाग है, फिल्म में उन्हें अर्जुन कपूर के अपोजिट कास्ट किया गया है। जिनके किरदार का नाम है आरवी मल्होत्रा। तारा सुतारिया को इंडस्ट्री में अभी अधिक समय नही हुआ है लिहाजा उन्हें इस मूवी के लिए सबसे कम फीस दी गई है।

रिपोर्ट्स के अनुसार तारा की इस फिल्म में 2 करोड़ रुपये फीस थी।

# लोग मेरी तारीफ करते हैं कि मैं रानी मुखर्जी जैसी लगती हूं: रचना

ना उम्र की सीमा हो की अभिनेत्री रचना मिस्त्री काफी खुश हैं क्योंकि उनकी आवाज की तुलना बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी से की जा रही है। इसको लेकर अभिनेती रचना कहती है, यह मेरी अब तक की सबसे अच्छी तारीफ रही है और हमेशा रहेगी। साथ ही रानी मुखर्जी मेरे पिता की पसंदीदा अभिनेत्री हुआ करती थीं।

इसलिए जब भी वह स्क्रीन पर दिखाई देती थीं, तो मेरे पिता उनकी प्रशंसा करते थे और कहते थे कि वह सभी से अलग है।उनकी आवाज इतनी अलग है कि यह उन्हें सभी से अलग बनाती है।रचना, शो में विधि का किरदार निभाती नजर आ रही हैं जिसे एक बुजुर्ग से प्यार हो जाता है। कहानी यह है कि उम्र के फासले के बावजूद उनका रिश्ता कैसे विकसित होता है।

अभिनेत्री आगे कहती हैं, जब से मेरी आवाज बदलनी शुरू हुई, लोग मेरी तारीफ करते हैं कि मैं रानी मुखर्जी से मिलती-जुलती हूं और मैं इस तारीफ को सुनकर सातवें आसमान पर पहुंच जाती हूं।लेकिन मैं खुद अभिनेत्री को बहुत प्यार करती हूं। उनका काम और उनकी फिल्में हमेशा मेरे और मेरे पिता के लिए आकर्षक रही हैं, इसलिए उनकी तुलना की जा रही है, भले ही यह उनकी आवाज के मामले में ही सबसे बड़ी तारीफ है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगी।शो में इकबाल भी देव का किरदार निभा रहे हैं। यह स्टार भारत पर प्रसारित होता है।

# वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' में नज़र आएगी काव्या किरण

बॉलीवुड के चर्चित निर्देशक नीरज पाठक की अपकमिंग मल्टी स्टारर वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' में अदाकारा काव्या किरण अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरती नज़र आएगी। इस वेब सीरीज में रणदीप हुड्डा मुख्य भूमिका में हैं, काव्या के अपोजिट फ्रेडी दारूवाला भी हैं। यह एक वास्तविक जीवन पर आधारित कहानी है। जो नब्बे के दशक के काल खंड से जुड़ी रहस्य और रोमांच से भरपूर कहानी है। इसमें काव्या का किरदार काफी दिलचस्प है। अभिनेत्री काव्या किरण ओडिशा राज्य की राजधानी भुवनेश्वर की रहने वाली हैं। काफी समय से उनका पूरा परिवार मुंबई की माया नगरी में रह रहा है।

जो व्यक्ति अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है, वह कभी हार नहीं मानता जब लाखों तूफान या कोई परेशानी आती है। सभी कठिनाइयों का सामना करते हुए, वह मजबूत होती है और मनुष्य की ये बुनियादी चीजें उसके मूल्य, संस्कृति और अपने परिवार के लिए प्यार हैं। काव्या किरण भी इन्हीं सिद्धांतों से बंधी हैं। बचपन से ही सांस्कृतिक गतिविधियों में रुचि रखने वाली काव्या के परिवार वाले सोचते थे कि वह अपने जीवन में आगे कैसे बढ़ेंगी, लेकिन उन्होंने अपने हौसले और जज्बे से साबित कर दिया कि वह किसी से कम नहीं हैं और हर काम को सहजता, निडरता से करने में सक्षम हैं। उनके परिवार ने भी उनका भरपूर साथ दिया और हमेशा उनके साथ खड़े रहे।

काव्या ने शास्त्रीय नृत्य सीखा है और पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने पार्ट टाइम जॉब भी की। लेकिन फिल्मों के प्रति आकर्षण के चलते वह मायानगरी से दूर नहीं रह पाई। अपने सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने मॉडलिंग और अभिनय की दुनिया में कदम रखा और उनका यह कदम उन्हें उनके बेहतर भविष्य की ओर ले गया। उन्होंने बीएसएनएल, हॉट एन ड्यू परफ्यूम जैसे कई विज्ञापनों में काम किया है। इसके अलावा जूलरी, साड़ी, सलवार आदि के सौ से ज्यादा प्रिंट के विज्ञापन भी काव्या के द्वारा किए जा चुके हैं। काव्या लगातार काम करने में विश्वास रखती हैं।

हाल ही में उन्होंने राजीव मोहंती की उड़िया फिल्म 'भोका' में काम किया। यह एक निम्न मध्यम वर्गीय परिवार की वास्तविक जीवन की कहानी है जो शहरों में रहता है। यह कहानी है कोरोना महामारी के कारण उस परिवार के जीवन में उथल-पुथल की। इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स का भरपूर प्यार मिला और वाहवाही भी मिली यह फिल्म कई फिल्म फेस्टिवल में जाने वाली है। काव्या ने हिंदी और उड़िया फिल्मों, संगीत एल्बम, वेब सीरीज, लघु फिल्मों और विज्ञापनों में काम किया है। काव्या अध्यात्म से जुड़ी शख्सियत हैं। अभिनय के क्षेत्र में वह श्रीदेवी, काजोल, कंगना रनौत, शाहरुख खान और ऋतिक रौशन के अभिनय को काफी पसंद करती हैं।

उड़िया फिल्म 'खुशी' के लिए काव्या को वर्ष 2019 में उड़ीसा सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला है। उन्हें फिल्म 'भोका' के लिए चलचित्र अवॉर्ड से नवाजा जा चुका है। उन्हें इंडियन इंडिविजुअल एक्सीलेंस के लिए इंडियन ग्लोरी अवॉर्ड से भी नवाजा जा चुका है। काव्या फिल्म 'रंग ए इश्क', 'राम रतन', 'इश्क़ियत' में काम कर चुकी हैं। वह टी-सीरीज के प्रमोशनल सॉन्ग 'नशा मेन्यू चढ़ गया' में भी नजर आई थीं। वह उड़िया फिल्म 'रहस्य द मिस्ट्री' और 'रघु सागर' में भी अहम भूमिका में हैं।

उनकी शॉर्ट फिल्म 'फफहुंडी' एक रेप पीड़िता के जीवन के संघर्षों और चुनौतियों की कहानी है। वह राजीव वालिया के मंत्रालय के वृत्तचित्र गीत 'बेटियां' का भी हिस्सा थीं। उन्होंने संगीत वीडियो 'पतंगी' में काम किया है, साथ ही ओडिया वेब फिल्म 'एक्सपोज़' उनकी हालिया वेब श्रृंखला है जिसमें उनके काम की सराहना की गई है। उनकी एक शॉर्ट फिल्म 'थर्टीन' और फिल्म 'तो ना रा माने या' जल्द ही दर्शकों के बीच होगी।

# सवाल भारत की माली दशा का!

हरिशंकर व्यास

रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है तो सोचने की जरूरत है। उन्होंने भरोसा जताया है कि भारत की स्थिति श्रीलंका या पाकिस्तान जैसी नहीं होने जा रही है। भारत की आर्थिक समस्याएं श्रीलंका और पाकिस्तान जैसी नहीं हैं। भारत के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार है और विदेशी कर्ज भी कम है। राजन ने विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने में रिजर्व बैंक की तारीफ की। उनका यह कहना इसलिए ठीक है क्योंकि श्रीलंका और पाकिस्तान के संकट का कोर कारण विदेशी करेंसी के खाली खजाने का है। इसकी वजह से श्रीलंका ईंधन, खाने-पीने के सामान और दवाईयों का आयात नहीं कर पाया। निर्यात कम और आयात ज्यादा थे तो अपने आप डॉलर का खजाना खाली होता गया और दिवालिया।

मगर ऐसा असंतुलन तो भारत के विदेश व्यापार में भी है। यूक्रेन की लड़ाई के बाद पेट्रोलियम पदार्थों के आयात का भारत बिल सुरसा की तरह बढ़ा है। भारत के शेयर बाजार में विदेशी सटोरियों का डॉलर में जो पैसा लगा हुआ था वह भारत से लौटता हुआ है। ऐसे ही एनआरआई द्वारा डॉलर भेजना भी घटा है। कुल मिलाकर भारत के विदेशी मुद्रा कोष में आवक के बजाय जावक अधिक है तो श्रीलंका जैसी दशा क्या नहीं बनेगी? मगर रघुराम राजन इस तथ्य से आश्वस्त है कि भारत का करेंसी रिजर्व अच्छा-खासा है। ध्यान रहे 22 जुलाई को भारत का रिजर्व 571.76 अरब डॉलर था। मगर इसमें डॉलर में लिए अल्पकालिक कर्जों की अदायगी से जब मार्च 2023 तक एकदम गिरावट आएगी तो क्या होगा? क्या डॉलर में नए कर्ज लेकर रिजर्व को भरा-पूरा रखा जाएगा?

ऐसा संभव है। फिर भले रुपए के मुकाबले डॉलर महंगा हो चुका हो तथा रिकॉर्ड तोड़ ब्याज दर पर कर्ज लेना पड़े लेकिन सरकार आर्थिकी की गुलाबी तस्वीर बनाए रखने के लिए अगले साल अधिक और महंगे कर्ज ले सकती है।

सवाल है कि महंगाई और वित्तीय घाटे के बढ़ते सिनेरियो में भारत के लिए कर्ज लेना क्या मुश्किल नहीं बनेगा? केंद्र सरकार ने तमाम तरह के सच्चे-झूठे आंकड़ों और शेयर बाजार को ऊंचा बनाए रखने के लिए जितनी तरह के उपाय किए हैं उनका भांडा क्या छह-आठ महीनों में खुलता हुआ नहीं होगा?

भारत की आर्थिकी बनाम श्रीलंका और पाकिस्तान की स्थितियों का एक बुनियादी फर्क यह है कि भारत की 140 करोड़ लोगों की आबादी दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है। यह बाजार अपने भीतर लोगों की हैसियत का इतना भारी फर्क लिए हुए है कि भारत की अर्थव्यवस्था वैसे कभी मर याकि बेमूल्य-कबाड़ नहीं हो सकती है जैसे श्रीलंका की हुई है। भारत की आबादी और आकार दोनों गारंटी है जो मरा हाथी भी सवा लाख का! 140 करोड़ लोगों में क्योंकि आठ-दस प्रतिशत लोग क्रिमी लेयर हैं। दो नंबर की कमाई से मलाई खाते हैं तो कोविड के घर बैठे निठल्लेपन के बाद इस आबादी से अपने आप पैसा बाजार में घूमा है। कल एक ऑटो कंपनी ने अपना नया मॉडल लांच किया। कहते हैं एक मिनट में ही उसकी हजारों में बुकिंग हो गई। आला कंपनियों की कमाई के भी सालाना नतीजे जबरदस्त हैं। विदेशी निवेशक शेयर बाजार से अपना पैसा निकाल रहे हैं तो देशी संस्थागत निवेशक और सरकारी फंडों का पैसा मनमाने ढंग से शेयर बाजार में इस मकसद से उढेला जा रहा है कि कुछ भी हो शेयर बाजार ज्यादा नहीं गिरे। ऐसे ही रुपया ज्यादा नहीं गिरे तो रिजर्व बैंक का हस्तक्षेप भी भरपूर है।

यह सब हो सकना इसलिए संभव है क्योंकि भारत 140 करोड़ लोगों का देश है और कोई आठ-दस प्रतिशत आबादी (सरकारी कर्मचारियों, वेतनधारियों, ठेकेदारों, भ्रष्टाचारियों, नेताओं, कॉरपोरेट और व्यापारियों-उद्यमियों) इतना पैसा लिए हुए है, जिससे शेयर बाजार, सोने के सर्राफा बाजार, ऑटो सेक्टर, पर्यटन-सैर-सपाटा,-यात्रा, रियल एस्टेट, खरीददारी, सर्विसेज में मांग बनी होती है। तथ्य है कि कोविड के महामारी काल के बाद भारत की आबादी के गरीब और अमीर के हिस्सों का अंतर और बढ़ा है। इसमें एक तरफ वे बदनसीब लोग हैं, जो नौकरी, रोजगार और कमाई नहीं रहने या उसके घटने से बेहाल हैं तो दूसरी तरफ वह आबादी है, जिससे घर बैठे पैसा कमाया या पुराना पैसा जमा हुआ पड़ा हुआ है तभी अब खर्च करने की तलब है। इसलिए भारत अब उस दौर में है, जिसमें सरकार और दस करोड़ लोग आर्थिकी में अपने-अपने कारणों से नकली तेजी बनाए रखें हुए है। विकास दर में गिरावट के बावजूद भारत का आंकड़ा चीन और यूरोप-अमेरिका से अधिक बेहतर रहेगा लेकिन वास्तविकताओं में वह कोविड काल से पहले, नोटबंदी के बाद शुरू हुए सिलसिले की गिरावट की भरपाई नहीं करते हुए होगा।

इसलिए डॉ. रघुराम राजन का यह आशावाद ठीक है कि भारत में श्रीलंका और पाकिस्तान जैसे हालात नहीं बनेंगे। मगर उन्होंने भारत के सुनहरे भविष्य और आर्थिक विकास को ले कर ज्यादा बड़ी चेतावनी दे डाली है। उन्होंने श्रीलंका का हवाला देते हुए कहा है कि जब कोई देश अपने अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर नौकरी के संकट को दूर करने का प्रयास करता है, तो यहीं हालात (श्रीलंका जैसे) बनने लगते हैं। उन्ही के शब्दों में- आज भारत में कुछ वर्गों में यह भावना है कि लोकतंत्र भारत को पीछे धकेल रहा है। जबकी हमारा भविष्य हमारे उदार लोकतंत्र और उसकी संस्थाओं को मजबूत करने में है, उन्हें कमजोर करने में नहीं है, और यह वास्तव में हमारे विकास के लिए आवश्यक है। अगर ऐसा नहीं होता तो यह देश को कमजोर बना देगा और विदेशी दखल की संभावनाएं बढ़ने लगेंगी।

जाहिर है भारत की आर्थिकी आखिरकार राजनीति से बिगड़ेगी। दक्षिण एशिया का यह संयोग गजब है जो एक बांग्लादेश के अपवाद को छोड़ कर बाकी सभी देशों में राजनीति की वजह से आर्थिकी बरबाद है या बरबादी की ओर है। राजनीति के कारण भारत में छोटे-लघु एमएसएमई सेक्टर का बाजा बजा है। बेरोजगारी भयावह हुई है। छोटे उद्यमी हों या बड़े सबके लिए पूंजी जुटाना और बैंकों को हैंडल करना मुश्किल बन गया है। एक जानकार ने पते की बात कही कि कंपनियों के सालाना रिजल्ट इसलिए भी ठीक-ठाक बन रहे हैं ताकि जिन बैंकों से उन्होंने कर्ज लिया हुआ है उनकी निगाहों से बचे रहे। निश्चित ही स्टील, सीमेंट आदि की तमाम बड़ी कंपनियों ने अपने उत्पाद के दामों में बेहिसाब बढ़ोतरी करके खूब मुनाफा कमाया है मगर इससे पूरी आबादी महंगाई में जिस तरह पीस रही है, असमानता और बेरोजगारी जैसे बढ़ रही तो इस सबके साल-दो साल बाद क्या नतीजे खराब नहीं होंगे?

सोचें, कॉरपोरेट और सरकार दोनों की तरफ से विकास की गुलाबी तस्वीर और मुनाफे व विकास के बड़े-बड़े आंकड़े वहीं रोजगार जीरो और उलटे बेरोजगारी बढ़ने, तनख्वाहे घटने के आंकड़े तथा हकीकत।

तभी भारत के अंदरूनी आर्थिकी चक्र में 90 फीसदी आबादी का जीवन फ्री राशन, खैरात और रेवड़ियों पर निर्भर है, नौजवान सरकारी नौकरियों की ओर दौड़ाता हुआ है। सोचें, इस आंकड़े पर कि आठ साल में 22 करोड़ नौजवानों ने सरकारी नौकरियों के लिए आवदेन किया और नौकरी कितनों को मिली? सात लाख को! तभी भारत और श्रीलंका का फर्क है कि सड़कों पर उतरे श्रीलंका के नौजवान कतई वैसे दीन-हीन-बेबस नहीं दिख रहे थे जैसे भारत में नौजवानों की भीड़ या अग्निपथ के खिलाफ उतरे लड़कों के चेहरों से झलक रहा था। पते की बात यह भी है कि आर्थिकी की दशा का फैसला (जो श्रीलंका और पाकिस्तान के संकटों का भी एक कारण है) वैश्विक हालातों से होना है। भूल जाएं कि रूस-यूक्रेन की लड़ाई का आर्थिक असर उतार पर है। सर्दियों में विश्व राजनीति के तनाव और बढ़ेंगे। वैश्विक मंदी और करेंसी के वित्तीय खतरे भी बढ़ने हैं। उस नाते दुनिया में इतनी तरह की अनिश्चितताएं बन गई हैं, जिससे अपने आप उन देशों का सर्वाधिक बाजा बजना है, जहां अर्थशास्त्र के बजाय फैसले राजनीति से हुए हैं या हो रहे हैं।

## सू- दोकू क्र. 35

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.34 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# दुनिया में विकराल होती भुखमरी की समस्या

खाद्य सुरक्षा पर संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट बताती है कि दुनिया में भुखमरी की समस्या विकराल होती जा रही है । पूरी दुनिया में 2.3 अरब लोगों को भोजन सामग्री जुटाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है । यह आंकड़ा 2021 का है, जिसमें कोरोना संकट के घातक प्रभाव भी निहित हैं । इस साल शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अनाज, पेट्रोलियम पदार्थों व खाद आदि के दाम बढने् से आज पूरी दुनिया जिस चुनौती का सामना कर रही है, उसके बाद की भयावह स्थिति का अंदाजा स्वतरू ही लगाया जा सकता है । विडम्बना ही है कि पूरी दुनिया में भुखमरी, खाद्य असुरक्षा तथा कुपोषण को दूर करने के लिये पिछले दशक में जो प्रयास किये गये थे, उन पर पानी फिरता नजर आ रहा है । संयुक्त राष्ट्र की हालिया प्रकाशित रिपोर्ट में चिंता जताई गई है कि वर्ष 2030 तक भूख, खाद्य असुरक्षा व कुपोषण को खत्म करने के जो लक्ष्य निर्धारित किये गये थे, उन्हें पूरा करना अब मुश्किल नजर आता है । उल्लेखनीय है कि दुनिया में खाद्य संकट से प्रभावित देशों में बारह देश अफ्रीका से, एक कैरिबियन देश हैती व दो एशिया से अफगानिस्तान व यमन हैं। इस भुखमरी के मूल में जहां सशस्त्र संघर्ष, कर्ज का बोझ, बेरोजगारी व गरीबी का दायरा है, वहीं कुशासन की भी बड़ी भूमिका है। निस्संदेह, पहले कोरोना महामारी और फिर यूक्रेन संकट ने इस विभीषिका को विस्तार ही दिया है। यही वजह है कि दुनिया के करीब तीन अरब लोग स्वस्थ व्यक्ति के लिये जरूरी खुराक जुटाने में असमर्थ हो गये हैं । यह संकट तथाकथित आधुनिक विकास के उस मॉडल पर सवालिया निशान लगाता है जो दुनिया में विज्ञान व तकनीक की क्रांति का दंभ भरता हुआ एकांगी विकास को बढ़ावा दे रहा है । एक तरफसमृद्धि व संपन्नता लहरा रही है तो दूसरी तरफअरबों लोगों के जीवन में विपन्नता का अंधेरा गहरा होता जा रहा है । ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि विभिन्न देशों की सरकारें आर्थिक विसंगतियां दूर करने को ईमानदार प्रयास क्यों नहीं करती । इस संकट को दूर करने के लिये कारगर रणनीति क्यों नहीं बनती, जिसके चलते भुखमरी व कुपोषण का संकट विकराल रूप में उपस्थित होता है। विश्व में करीब तीन अरब लोगों का स्वस्थ जीवन के लिये जरूरी खुराक न जुटा पाना इसकी बानगी है। हालांकि, पहले से जारी संकट को बढ़ाने में कोरोना संकट के दौरान उपजी महंगाई की बड़ी भूमिका है, लेकिन इसके मूल में सत्ताधीशों की काहिली भी है। कहना कठिन है कि कोरोना संक्रमण रोकने के लिये लागू किये गये कठोर उपायों से कितना संक्रमण रुका, लेकिन गरीबी की दलदल को इसने जरूर बढ़ा दिया। सवाल उठता है कि विभिन्न वैश्विक संस्थाएं व इन मामलों के विशेषज्ञ गरीबी भुखमरी दूर करने के लिये दूरगामी रणनीति क्यों नहीं तैयार करते। यही वजह है कि इस संकट से निबटने के लिये बनायी रणनीतियां व्यावहारिक धरातल पर कारगर साबित नहीं हो रही हैं। व्यवस्था के छेद व भ्रष्टाचार इस संकट को सींच रहे हैं। यह सर्वविदित तथ्य है कि कुदरत ने हर व्यक्ति का पेट भरने का इंतजाम किया है लेकिन संसाधनों के अन्यायपूर्ण बंटवारे ने गरीबी भुखमरी को जन्म दिया है। पहले उपनिवेशवाद, फिर साम्राज्यवाद और अंतत विकसित देशों के हितों के मद्देनजर बनी वैश्विक अर्थव्यवस्था ने अमीरी गरीबी की खाई को लगातार चौड़ा किया है। कोरोना संकट में भारत तथा विदेशों में गरीबी का विस्तार और अरबपतियों की संख्या में इजाफा इस अन्यायपूर्ण व्यवस्था का सच है। जरूरी है कि उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का नियोजन करके खाद्य असुरक्षा व भुखमरी के खिलाफयुद्ध छेड़ा जाये । कैसी विडम्बना है कि धरती पर खाद्य असुरक्षा व भुखमरी का आलम है और संपन्न देश दूसरे ग्रहों पर जीवन तलाश रहे हैं । यह संपन्न देशों की जिम्मेदारी है कि गरीबी से जूझते देशों में जीने लायक भोजन हर व्यक्ति को मिल सके । दुनिया के किसी मुल्क में गरीबी व अराजकता से उपजी आग की तपिश पूरी दुनिया में महसूस होती है । ऐसे में विश्व बिरादरी को गरीबी व भुखमरी से लड़ाई में सहयोग करने की जरूरत है ।

# चोरी के विक्रम टैम्पो के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चोरी के विक्रम टैम्पों के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खांड गांव रायवाला निवासी महेश कुमार ने रायवाला थाने में अपने विक्रम टैम्पो के चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जिससे पुलिस टीम को महत्वपूर्ण जानकारी मिली। जिसके बाद आज पुलिस टीम ने चोरी के विक्रम टैम्पो के साथ एक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मंगू ओबराय पुत्र शेरू ओबराय निवासी सर्वानंद घाट थाना कोतवाली हरिद्वार बताया। पुलिस के अनुसार मंगू नशे का आदि है तथा पूर्व में भी कनखल थाने से चोरी के मामले में जेल गया था।

# बुलेरो खाई में गिरी दो घायल

संवाददाता

देहरादून। बुलेरों के खाई में गिरने से उसमें सवार दो लोग घायल हो गये जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत देर रात्रि मसूरी पुलिस को सूचना मिली कि ओक ग्रोव स्कूल बार्लोगंज के पास एक बुलेरों पिकअप वाहन करीब एक किलोमीटर गहरी खाई में गिर गया है। सूचना मिलत ही मसूरी थाना पुलिस आपदा उपकरणो सहित घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से खाई में उतरकर देखा तो दो व्यक्ति खाई में गम्भीर रूप से घायल अवस्था में पडे थे जिन्हें भारी बारिश व घने कोहरे के बीच काफी मशक्कत के बाद खाई से निकालकर 108 की मदद से सिविल अस्पताल मसूरी पहुंचाया। घायलों ने अपने नाम राजेश थपलियाल पुत्र नत्थीलाल थपलियाल निवासी बार्लोगंज मसूरी व जमीन अहमद पुत्र नजीर अहमद निवासी आजाद कालोनी पटेलनगर बताया। पुलिस ने बुलेरों बाहर निकालकर घायलों के परिजनों को सूचना दे दी है।

# चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चोरी के मोबाइलों के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार धूलकोट प्रेमनगर निवासी सतेन्द्र ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी डिकसन कम्पनी के पास मोबाइल की दुकान है। चोरों ने उसकी दुकान की टीनशेड की छत को काटकर वहां से 12 स्मार्ट फोन व एक टैब चोरी कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आज पुलिस ने एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो वह पुलिस को देख भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के मोबाइल व टैब बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम लक्ष्मण साहनी पुत्र विश्वनाथ साहनी निवासी बिहार बताया।

## मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का... ▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो मार्ग अवरुद्ध हुए हैं, लोगों को आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाए। जिन इन क्षेत्रों में पेयजल एवं विद्युत की आपूर्ति बाधित हुई है उन क्षेत्रों में विद्युत एवं पेयजल की जल्द सुचारू व्यवस्थाएं की जाय।

इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा काऊ, प्रीतम सिंह पंवार, गढ़वाल कमिश्नर सुशील कुमार, डीआईजी गढ़वाल के.एस. नगन्याल, जिलाधिकारी टिहरी डॉ. सौरभ गहरवार, एसएसपी टिहरी नवनीत सिंह भुल्लर एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

## दून में बादल फटने से भारी तबाही... ▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

जबकि तेज वर्षा के कारण देहरादून के टपकेश्वर से बहने वाली तमसा नदी भी ऊफान पर आ गई। इस कारण यहां मां वैष्णो देवी गुफा मंदिर में जाने वाला पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया है। रायपुर ब्लाक क्षेत्र में हुए भारी नुकसान का जायजा लेने कृषि मंत्री गणेश जोशी सहित रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ व जिले के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे है। एसडीआरएफ की टीम ने बताया है कि सरखेत गांव में फंसे सभी लोगों को बचा लिया गया और कुछ ने पास के एक रिसॉर्ट में शरण ली है।

# टिहरी में बादल फटने से कई गांवों में भारी नुकसान

हमारे संवाददाता



टिहरी। गढ़वाल मण्डल के देहरादून व पौड़ी के साथ ही टिहरी में बादल फटने से जिले के कई गावों को भारी नुकसान हुआ है। यहां बादल फटने से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और कई घरों में पानी व मलबा घुस गया है। बारिश की वजह से सबसे ज्यादा नुकसान धनोल्टी विधानसभा क्षेत्र में हुआ है।

राज्य में कल देर रात से लगातार हो रही बारिश से कीर्तिनगर क्षेत्र में आज सुबह ग्राम कोठार में एक आवासीय भवन मलबे में दब गया है, भवन में रह रही 80 वर्षीय महिला बचनी देवी दब गई। फिलहाल महिला की खोजबीन जारी है। वही बादल फटने से जौनपुर ब्लाक के सेरा, सौंदाणी, भवाकाटल, ग्वाली डांडा, कुंड, कोकियाल गांव में भारी नुकसान हुआ है। कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अतिवृष्टि की वजह से गांवों में कई घरों में पानी के साथ मलबा घुस गया है। बादल फटने की वजह से खेतों व खलिहानों व मार्गों को भी भारी नुकसान हुआ है।

टिहरी में जौनपुर ब्लाक के धौलागिरी (धनचुला) गांव में एक मकान के मलबे में दब गया। मलबे में घर की ही सात

### ❑आवासीय भवन क्षतिग्रस्त, 8 लोगों के दबने की सूचना

लोग लापता हो गए हैं। जिनकी खोजबीन जारी है। गांव में पांच आवासीय भवन मलबा आने से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। परिवारों को जंगल-गदेरा-रिजोर्ट में शिफ्ट किया गया है। मौके पर राजस्व टीम व स्थानीय निवासियों द्वारा बचाव कार्य किया जा रहा है। कीर्तिनगर के पल्यापाटल गांव में पांच घरों में पानी व मलबा घुसने से घर में रखी खाद्य सामग्री व घर के सामान को भारी नुकसान हुआ है। इसी प्रखंड के कोठार, गवांणा, घंडियालध र में ग्रामीणों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए और संपर्क मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बादल फटने व अतिवृष्टि से हुए गांवों में नुकसान की सूचना पर जिलाधिकारी डा. सौरभ गहरवार मय टीम धनोल्टी की ओर रवाना हो गए हैं।

# रेस्टोरेंट मे शराब पिलाने पर दो लोग गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। रेस्टोरेंट में शराब पिलाने के मामले में पुलिस ने दो रेस्टोरेंट संचालकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान श्यामपुर में दो रेस्टोरेंटों पर छापा मारा तो वहां पर लोगों को शराब पीते हुए पाया। जिसके बाद पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक विजय कुमार पुत्र गोकुल राम निवासी रूद्रप्रयाग व विजय रावत पुत्र चन्द्रभान सिंह निवासी भल्ला फार्म श्यामपुर को गिरफ्तार कर वहां से शराब के पव्वे व बोतलें कब्जे में लेकर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दो बाईको की टक्कर में एक की मौत, दूसरा घायल

संवाददाता

देहरादून। दो मोटरसाईकिलों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी जबकि दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कानपुर निवासी ममता कश्यप ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बेटा अंकित यहां रहकर पढाई कर रहा था। उसने बताया कि उसका बेटा अंकित अपने मित्र सुनील कश्यप के साथ उसकी मोटरसाईकिल पर सवार होकर शहर की तरफ आ रहे थे




जब वह धूलकोट के जंगल में पहुंचे तभी तेज गति से आ रही मोटरसाईकिल सवार ने उनकी मोटरसाईकिल पर टक्कर मार दी जिससे उसका बेटा व उसका दोस्त गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिनको स्थानीय लोगों ने चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सकों ने उसके बेटे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# वेदान्तपुरम जनकल्याण समिति की नयी कार्यकारिणी गठित

संवाददाता

देहरादून। वेदान्तपुरम जनकल्याण समिति की नयी कार्यकारिणी का गठन करते हुए मंजूला तोमर को अध्यक्ष घोषित किया गया।

आज यहां वेदान्तपुरम जनकल्याण समिति की द्वितीय अधिवेशन बैठक वेदान्तपुरम के मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। वेदान्तपुरम जनकल्याण समिति ने बताया कि यह समिति मन्दिर परिसर का रख रखाव, मरम्मत, साफ सफाई का कार्य देखेगी। वेदान्तपुरम जनकल्याण समिति की बैठक के उपरान्त समिति ने नव कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें



अध्यक्ष मंजूला तोमर, उपाध्यक्ष, गोविन्द सिंह रावत, प्रशान्त सकलानी, सचिव, विरेन्द्र सिंह धनोला, कोषाध्यक्ष, कुन्दनलाल आर्या, सम्प्रेषक, राजगोपाल भटनागर, संगठन मंत्री, संजीव अरोडा, कमलेश बर्थवाल, संरक्षक, शिवदत्त उपाध्याय, देवेन्द्र प्रसाद कौशल, विधि सलाहकार, सुन्दर सिंह तोमर, सदस्य कार्यकर्ता, जयेन्द्र असवाल, भूप सिंह, दलजीत सिंह को पद सोंपे गये।




## एक नजर

# मुंबई में 26/11 जैसे आतंकवादी हमले की धमकी!


मुंबई। एक पाकिस्तान स्थित फोन नंबर से मुंबई पुलिस ट्रैफिक कंट्रोल के व्हाट्सएप नंबर पर शुक्रवार रात को 26/11 जैसे आतंकवादी हमले की चेतावनी वाला धमकी भरा संदेश भेजा गया था। धमकी भरे मैसेज में कहा गया है कि भारत में 6 लोग योजना को अंजाम देंगे। मामले में जांच जारी है। मुंबई पुलिस सूत्र ने यह जानकारी दी। शीर्ष पुलिस सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा बल खतरे की



जांच कर रहे हैं। सूत्रों ने कहा, हम इसकी जांच कर रहे हैं। रात से काम चल रहा है। अन्य एजेंसियों को भी सूचित कर दिया गया है। सूत्रों ने ये भी बताया कि पुलिस कॉल के फर्जी होने की संभावना की भी जांच कर रही है। मुंबई हमले 26 नवंबर 2008 को शुरू हुए आतंकी हमलों की एक श्रृंखला थी जिसमें एक पाकिस्तानी इस्लामी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 सदस्यों ने चार दिनों के दौरान पूरे मुंबई में 12 समन्वित शूटिंग और बमबारी हमले किए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार ने कहा कि राज्य सरकार को खतरे को गंभीरता से लेना चाहिए और जांच करनी चाहिए। शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी का भी इस मामले पर बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, पहले रायगढ़ रिकवरी, अब पुलिस का धमकी भरा मैसेज। महाराष्ट्र में क्या हो रहा है?

# 78वीं जयंती पर याद किये गए देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी

नई दिल्ली। देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 78वीं जयंती पर उनके बेटे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बहन प्रियंका गांधी के साथ वीर भूमि जाकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके साथ राबर्ट वाड्रा भी मौजूद रहे। राहुल गांधी ने नई दिल्ली स्थित राजीव गांधी की समाधि वीर भूमि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके साथ प्रियंका गांधी और राबर्ट वाड्रा के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ



नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। राहुल गाधी ने ट्वीट किया, पापा, आप हर पल मेरे साथ हैं, मेरे दिल में हैं। मैं हमेशा प्रयास करूंगा कि देश के लिए जो सपना आपने देखा, उसे पूरा कर सकूं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्वीट करके पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा, हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि।

# कांग्रेस ने मनीष सिसोदिया के इस्तीफे की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। कांग्रेस की दिल्ली इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिल्ली आबकारी नीति के क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के इस्तीफे की मांग करते हुए शनिवार को यहां आम आदमी




पार्टी (आप) के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने डीडीयू मार्ग पर दिल्ली कांग्रेस के कार्यालय से आप के मुख्यालय तक मार्च निकाला और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तथा सिसोदिया के खिलाफ नारे लगाए। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष परवेज आलम ने कहा कि कांग्रेस ने मांग की है कि केजरीवाल अपने मंत्रिमंडल से सिसोदिया को बर्खास्त करें, क्योंकि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आबकारी नीति घोटाले में दर्ज प्राथमिकी में उन्हें नामजद किया है। गौरतलब है कि सीबीआई ने शुक्रवार को आबकारी नीति 2021-22 के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में कई घंटों तक सिसोदिया के आवास की तलाशी ली थी। जांच एजेंसी ने एक प्राथमिकी में उन्हें 15 अन्य लोगों के साथ नामजद किया है।

# भारी बारिश से कई स्थानों पर तबाही

## ●जिलाधिकारी मौके पर मौजूद, बचाव कार्य के लिए सेना भी रवाना



संवाददाता

देहरादून। भारी बारिश के चलते कई स्थानो पर तबाही मच गयी वहीं सरखेत में बादल फटने से कई मकान क्षतिग्रस्त होने व कई लोग घायल हो गये। घायलों को एयरलिफ्ट कर अस्पताल पहुंचाया। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने मौके पर मौजूद होकर राहत कार्य का जायजा लिया।

विगत रात्रि हुई भारी वर्षा से जनपद के कई क्षेत्रों में नुकसान हुआ है। भारी वर्षा से रायपुर-थानों मोटर मार्ग पर सोंग नदी पुल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है तथा मालदेवता सरखेत , तिमली, मानसिंहवाला, भेंस बाड़ा, सेरकी, चमरोली आदि स्थानों पर नुकसान की सूचना प्र

### ❑घायलों को एयरलिफ्ट कर अस्पताल पहुचाया

जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका प्रातः से ही मौके पर मौजूद रहकर राहत बचाव कार्यों का संपादन कर रहीं हैं। इससे पूर्व रात्रि भारी बारिश के चलते जिलाधि कारी प्रातः 06 बजे से ही आपदा परिचालन केन्द्र पर मौजूद रहकर जानकारी प्राप्त की तथा नुकसान की सूचना मिलने पर प्रभावित क्षेत्र को रवाना हो गई। मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान आपदा कंट्रोल रूम पर मौजूद रहकर जिलाधि कारी के निर्देश के क्रम में प्रभावित क्षेत्रों खाद्य रसद सामग्री के साथ ही उपकरण आदि भेजने के कार्यों की मॉनिटरिंग के साथ ही जनपद में हुए नुकसान की सूचना प्राप्त करते हुए तत्काल सहायता भिजवा रहें हैं। जनपद के सरखेत में बादल फटने से घर क्षतिग्रस्त हो गए तथा कुछ लोग घायल हैं, जिन्हें एयरलिफ्ट करते हुए उपचार हेतु अस्पताल लाया जा रहा है। क्षेत्र में चिकत्सा टीम उपकरण सहित मौजूद है तथा राहत बचाव कार्यों में एसडीआरएफ, पुलिस, जिला प्रशासन की टीम मौजूद है, सेना भी राहत बचाव हेतु रवाना हो गई है।आपदा कंट्रोल रूम से मौके पर मौजूद अधिकारियों से समन्वय करते हुए सहायता एवं टीम भेजी जा रहीं हैं। तथा जनपद की तहसीलों से अद्यतन सूचना प्राप्त की जा रही है। प्रभावित क्षेत्र में राशन, बर्तन, दूध, पलंग, बिस्तर, कपड़े, स्ट्रेचर, आदि सामग्री रवाना।

# संतला देवी के समीप हल्दूवाला में पुल टूटा

देहरादून (सं)। भारी बारिश के चलते संतला देवी के समीप 17 गांवों को जोड़ने वाला हल्दूवाला पुल टूटने से लोगों को परेशानी का सामान करना पड रहा है। गत देर रात बारिश ने देहरादून में जमकर कहर बरपाया देर रात से देहरादून और आसपास के इलाकों में भारी बारिश का दौर जारी है जो कहर बनकर टूट रहा है। संतला देवी के समीप हल्दूवाला ध ौलास और 17 गांव को जोड़ने वाला पुल नून नदी के उफान आने से टूट गया है नदी खाले अपने पूरे उफान पर हैं। सुबह इसी पुल से स्कूल के सभी विद्यार्थी आना जाना करते है। हादसा रात्रि को हुए तो जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। समाजसेवी अंकित बड़थ्वाल को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर लोगो से बातचीत की साथ ही लोगो को आश्वासन देते हुए कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ध ामी और विधायक गणेश जोशी से मुलाकात करके झूला पुल के लिए आदेश जारी करवाए जाएंगे। कल सायं से संतला देवी के इलाके में नेटवर्क नही चल रहा है जिस कारण लोगो को काफी मुश्किलो का सामना करना पड़ रहा है।

# घर में घुसकर मारपीट-तोड़फोड़, मुकदमा दर्ज

देहरादून (सं)। घर में घुसकर मारपीट करने व तोडफोड कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रॉक स्टोन बिल्डिंग निवासी महिला ने मसूरी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि कुछ अज्ञात हमलावर उसके घर में घुस आये और उसके साथ मारपीट करते हुए घर में रखा सामान तोड दिया तथा जाते हुए उसको जान से मारने की ध मकी देकर चले गये।

# यमकेश्वर में भी बादल फटा, वृद्ध महिला की मौत, कई मार्ग अवरुद्ध



हमारे संवाददाता

पौड़ी। राज्य में हो रही भारी बारिश के चलते कल देर रात यमकेश्वर विधानसभा क्षेत्र में बादल फटने से जहां कई मार्ग अवरूद्ध हो गये है। वहीं एक मकान के क्षतिग्रस्त होने से वृद्ध महिला की मौत हो जाने के समाचार है। सूचना मिलने पर जिलाधिकारी सहित कई आलाधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर हालात का जायजा लिया व एसडीआरएफ तथा एनडीआरएफ ने मौके पर पहुंच कर राहत व बचाव अभियान शुरू किया है।

जानकारी के अनुसार देर रात हुई बारिश के चलते यमकेश्वर विधानसभा क्षेत्र में बादल फटने से भारी तबाही की खबर है।

जिलाधिकारी डा. विजय कुमार जोगदण्डे ने जनपद आपदा कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर संबन्धित विभागीय अधिकारियों को तत्काल अलर्ट पर रहने के निर्देश दिये गये है। साथ ही जिलापूर्ति अधिकारी को प्रभावित स्थलों के आस पास आवश्यकतानुसार प्रभावित लोगों को खान-पान की व्यवस्था के निर्देश दिये गये है।

बताया जा रहा है कि यमकेश्वर के ग्राम बिनक में एक मकान के क्षतिग्रस्त होने से एक वृद्ध महिला के मौत के समाचार है। वहीं प्रभावित इलाकों में सड़क मार्गो को खोले जाने के प्रयास किये जा रहे है। आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार राजमार्ग संख्या-9 रूट में लक्ष्मणझूला, दुगड्डा, धूमाकोट, नीलकंठ मोटर मार्ग सहित अन्य सम्पर्क मार्ग अवरुद्ध हो गये है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*